परिशिष्ट - 1

[14/2/2024]

कार्यालय वन वृत्त, खण्डवा (क्षेत्रीय)मध्यप्रदेश

प्रश्न सं. [क्र. 1554]

सिविल लाईन्स, खण्डवा : 450001 (म.प्र.)
☎:0733-2224120, Fax:- 0733-2225282, Email-ccf.khd@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2023 / 5882 खण्डवा, दिनांक 21/07/2023

प्रति,

कलेक्टर
जिला–खरगोन (म.प्र.)

विषयः– खरगोन जिला अंतर्गत आने वाले बड़वाह वन मण्डल के 9 वनग्रामों के संधारित अभिलेखों के संबंध में।

संदर्भः– विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 181 श्री ब्रहमा भलावी।

---00---

विषयान्तर्गत लेख है कि, संदर्भित विधानसभा के संदर्भ में जो जानकारी वनमण्डल द्वारा प्रेषित की गई है, जिसमें निम्नानुसार बिन्दुओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

1– इन वनग्रामों के किस–किस वर्ष कि मिसल बंदोबस्त अभिलेखागार में उपलब्ध है, उसमें कितनी भूमि निजी भूमि एवं गैर खाते कि भूमि दर्ज है।

2– राजस्व विभाग के पास वनग्राम की किस–किस वर्ष कि खसरा पंजी उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाईन खसरा पंजी भी शामिल है। खसरा पंजी में कितनी भूमि भूस्वामी हक पर दर्ज है, कितनी भूमि गैर खाते में दर्ज है।

3– कार्यालयीन अभिलेखों के अनुसार वनमण्डलाधिकारी इंदौर द्वारा वनसंरक्षक इंदौर को अपने कार्यालयीन पत्र दिनांक 11.02.1961 द्वारा लेख कर अनुरोध किया गया है, कि आपके निर्देशानुसार वे सभी राजस्व वनग्राम जो राजस्व विभाग से वनविभाग को हस्तांतरित किये गये है उन्हें पुनः वनविभाग से राजस्व विभाग को हस्तांतरित किया जाना है, क्योंकि राजस्व अधिकारों का वन अधिकारी उपयोग नहीं कर पा रहे है ऐसे ग्राम 247 है, ग्रामों की सूची संलग्न है।

कृपया अवगत कराने का कष्ट करें कि कितने वनग्रामों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही से राजस्व विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है एवं शेष कौन–कौन से वनग्राम वनविभाग के नियंत्रण में है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।
(पृष्ठा. क्र. 1 से 26 तक)

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग (कक्ष 3)
मंत्रालय, भोपाल

मुख्य वन संरक्षक
खण्डवा वृत्त खण्डवा
21/07/23

D:\DM-Computer\2023\Letter 2023.docx